
# ४ बया हमारी चिड़िया रानी!



## आनंदमयी कविता

बया हमारी चिड़िया रानी!
तिनके लाकर महल बनाती,
ऊँची डाली पर लटकाती,
खेतों से फिर दाना लाती,
नदियों से भर लाती पानी।

तुझको दूर न जाने देंगे,
दानों से आँगन भर देंगे,
और हौज में भर देंगे हम,
मीठा-मीठा ठंडा पानी।

फिर अंडे सेयेगी तू जब,
निकलेंगे नन्हें बच्चे तब,
हम आकर बारी-बारी से,
कर लेंगे उनकी निगरानी।

फिर जब उनके पर निकलेंगे,
उड़ जाएँगे बया बनेंगे,
हम तब तेरे पास रहेंगे,
तू मत रोना चिड़िया रानी।

*– महादेवी वर्मा*





© NCERT not to be republished

## बातचीत के लिए

1. चित्र में क्या-क्या दिखाई दे रहा है?



2. यह किस पक्षी का घोंसला है?
3. आपके अनुसार घोंसले में बैठी बया क्या सोच रही होगी?
4. चिड़िया अपना घर बनाने के लिए तिनके कहाँ से लाती होगी?
5. आपने किन-किन पक्षियों के घोंसले देखे हैं?

## सोचिए और लिखिए

**1. बया रानी अपना घर तिनकों से बनाती है। हम अपना घर बनाते समय किन-किन वस्तुओं का उपयोग करते हैं? सोचकर लिखिए—**

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

© NCERT not to be republished

**2. पढ़िए, समझिए और रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए—**

| बया के काम | आपके काम |
|---|---|
| दाना लाना | स्कूल के लिए तैयार होना |
| .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... |





## शब्दों का खेल

**1. नीचे दिए गए शब्दों को उलटकर लिखिए और नए शब्दों का आनंद लीजिए—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नदी | दीन | खीरा | .................... |
| बस | .................... | नीरा | .................... |
| दबा | .................... | रीना | .................... |

**2. नीचे लिखे विपरीत अर्थ वाले शब्दों का मिलान कीजिए—**

| | |
|---|---|
| दूर | नीची |
| ऊँची | निकट |
| रोना | गर्म |
| ठंडा | हँसना |



© NCERT not to be republished

3. नीचे दिए गए शब्दों में से तुक मिलने वाले शब्दों को ढूँढ़कर लिखिए—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रानी | लाती | आकर | कहेंगे | जब | तिनके |
| तब | बनाती | रहेंगे | लाकर | पानी | जिनके |

(क) ..........रानी.......... – ..........पानी..........

(ख) ............................ – ............................

(ग) ............................ – ............................

(घ) ............................ – ............................

(ङ) ............................ – ............................

4. कविता को पढ़कर पंक्तियाँ पूरी कीजिए—

(क)
तिनके लाकर ......................
......................................
.......................... लटकाती।

(ख)
तुझको दूर ......................
......................................
.......................... भर देंगे।

5. जब एक हो तो वह **'तिनका'** कहलाता है और अनेक हों तो **'तिनके'**।
नीचे दिए गए एकवचन शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए—

| | एकवचन | | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| (क) | तिनका | – | ..........तिनके.......... |
| (ख) | दाना | – | .................................... |
| (ग) | अंडा | – | .................................... |
| (घ) | बच्चा | – | .................................... |





© NCERT not to be republished



## खेल-खेल में


**1. कविता में आए शब्दों को खोजकर उन पर घेरा लगाइए—**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ना | सी | डा | ली | था | नि |
| पी | जी | खा | भू | ही | पे | ग |
| व | घी | ती | मै | ॐ | शा | रा |
| चि | ठं | डा | क्षी | ची | पा | नी |
| ड़ि | हौ | ज | धों | थे | वी | अं |
| या | ति | न | का | जा | खे | डा |

**2. पाठ में बया रानी नदियों से पानी लाती है। वह नदियों के अतिरिक्त कहाँ-कहाँ से पानी लाती होगी? रिक्त स्थानों में लिखिए—**

| पाठ में आया शब्द | पाठ के अतिरिक्त |
|---|---|
| नदी | ........................., ........................., ......................... |
| | ........................., ........................., ......................... |

**3. अपनी मनपसंद चिड़िया का चित्र बनाइए और उसमें रंग भरिए—**



© NCERT not to be republished



### 4. आओ बया के लिए घर बनाएँ—

केतकी बया के लिए घर बना रही है। क्रम से बताइए कि उसे क्या पहले करना चाहिए और क्या बाद में—

(क) केतकी ने बया के लिए बनाए घर पर रंग लीपा।

(ख) नन्ही चिड़िया केतकी के बनाए घर में चली गई।

(ग) केतकी ने चिड़िया के घर को अपने दादाजी की मदद से पेड़ की टहनी पर टाँग दिया।

(घ) केतकी ने सोचा कि उसे बया के लिए घर बनाना चाहिए।


(ङ) केतकी ने माँ से गत्ते, कील, कुछ कतरनें और कैंची माँगी।


(च) केतकी ने माँ की मदद से एक सुंदर-सा घर बनाया।

### 5. भूलभुलैया



चित्र में दी गई 'पक्षियों की भूलभुलैया' में चिड़िया के बच्चों की उनका घर ढूँढ़ने में सहायता कीजिए।





© NCERT not to be republished




**6. नीचे दिए गए चित्र को देखकर बताइए कि बया और इस बच्ची के बीच क्या बातचीत हो रही होगी?**




## आइए बनाएँ

**आवश्यक सामग्री**

पुराने समाचार पत्र या पुराने कैलेंडर, कैंची, गोंद, पुराने बटन, स्केच पेन, रंगीन कागज, गोल आकार के लिए एक चूड़ी।



© NCERT not to be republished

## बूझो तो जानें



हरे वस्त्र और लाल चोंच है,
रटना जिसका काम।
कुतर-कुतरकर फल खाता है,
लेता हरि का नाम।

कंठ सुरीला, रंग से काली,
सबके मन को भाती।
बैठ पेड़ की डाल पर,
जो सबको गीत सुनाती।





बड़े सवेरे घर की छत पर,
मिलता गाँव-गाँव।
काले रंग का पक्षी होता,
करता काँव-काँव।

© NCERT not to be republished

